## कई मायनों में खास महत्व रखने वाले कटनी जिले में न तो हवाई पट्टी, मेडिकल कॉलेज न ही अंतर्राज्जीय बस स्टैण्ड

# सौगातों का इंतजार.. वादे हैं वादों का क्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कटनी जिला विकास के मामले में भले ही तेजी से आगे बढ़ा रहा है लेकिन आज भी ऐसी कई सौगातों का इंतजार यहां के वाशिंदों को है जो कि पड़ोसी जिलों को मिल चुकी है। चाहे शासकीय मेडिकल कॉलेज हो, चाहे हवाई सेवा या फिर अंतर्राज्जीय बस स्टैण्ड। आज के मौजूदा परिवेश में इन सौगातों की बेहद आवश्यकता है। जिले में ये सौगातें मिल जाए तो न सिर्फ विकास के मामले में कटनी अग्रणी जिलों में शामिल हो जाएगा बल्कि बेरोजगार युवाओं सहित हजारों हाथों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैया होगा। उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूसरे जिलों की भागमभाग से भी राहत मिलेगा। साथ ही हवाई सेवा से दूसरे जिलों एवं प्रदेशों से सीधी कनेक्टिविटी भी जुड़ जाएगी। कुल मिलाकर महत्वपूर्ण एवं अति आवश्यक इन सभी सौगातों से लोगों को कई तरह का लाभ मिलेगा।

### वादों एवं पत्रों का ही आश्वासन

हवाई पट्टी, मेडिकल कॉलेज सहित अंतर्राज्जीय बस स्टैण्ड की सुविधा की मांग कोई नई नहीं है। कई सालों से इन सौगातों की मांग जिलेवासियों द्वारा की जा रही है लेकिन हर बार बस आश्वासन एवं पत्राचार किये जाने का आश्वासन ही मिला है। कटनी जिला कई मामलों में खास महत्व रखता है लेकिन जनप्रतिनिधियों की उदासीनता एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बेपरवाही के चलते आज तक इन विकास योजनाओं को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ये सौगातें जिले के लिए सफेद हाथी बन गई हैं।



जिले में औद्योगिक विकास की संभावनाओं के मद्देनजर हवाई पटटी के निर्माण का प्रस्ताव लगभग एक दशक से ज्यादा समय से फाइलों में सिमटकर रह गई है। कटनी जिला खास अहमियत रखता है, बावजूद इसके उपेक्षित है। इसकी मुख्य वजह यह है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा पूरी तन्मयता के साथ ध्यान नहीं दिया जा रहा और अधिकारी भी सिर्फ पत्राचार तक सीमित हैं। मार्बल उद्योग, आयरनओर का बड़ा कारोबार, डोलोमाइट की पर्याप्त उपलब्धता, दुनिया में जाहिर कटनी का सेंड स्टोन, राइस मिलें, दाल मिल, रेत का खदान, परचून, सराफा आर कपड़ा सहित सहित ड्रोन हब कटनी बनने जा रहा है, कई मायनों में कटनी जिला खास अहमियत रखता है। शहर व्यापारिक मिनी राजधानी है। आज की भागदौड़ भरी जिदंगी में हवाई सुविधा कटनी के लिए बेहद जरूरी है, ताकि जिले में निवेश करने वाले लोग दिल्ली, मुंबई सहित बड़े महानगरों से आसानी से पहुंच सकें, देश-दुनिया के लोग शहर से जुड़ सकें, लेकिन कटनी में हवाई पट्टी बनाने के लिए घोषणा के 12 साल बाद भी अबतक इसमें कोई अमल नहीं हो पाया है।



### खास महत्व रखता है कटनी

कटनी देश का महत्वपूर्ण जंक्शन है। जंक्शन में होने के साथ ही देश के प्रमुख शहरों से रेल कनेक्टिविटी है। कटनी से मध्यप्रदेश के तीन टाइगर रिजर्व बांधवगढ़, पन्ना, रीवा तक पहुंचने के लिए सुलभ मार्ग हैं। इन सुविधाओं को ध्यान में रखकर देशी और विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में कटनी पहुंचते हैं। मैहर धाम, शारदा धाम विगढ़, कोनिया धाम आदि पर्यटकों की सुविधा को भी ध्यान में रखकर हवाई पट्टी निर्माण आवश्यक है। किसी को इमरजेंसी में बेहतर इलाज की जरुरत पड़ जाए तो एयर एंबुलेंस से बड़े शहरों तक जल्दी पहुंचाना संभव नहीं है। जिले में हवाई पट्टी निर्माण के बाद दूसरे शहरों तक पहुंचने में समय की बचत होगी।

### बैठकों में मंथन तक सिमटी कवायद

करीब आठ वर्ष पहले अंतरराज्जीय बस स्टैंड का नाम जुड़ा था। शासन से मिली हरी झंडी के बाद जिला प्रशासन की ओर से भी पहल करते हुये न सिर्फ भूमि का चयन कर लिया गया था बल्कि आंवटन प्रक्रिया पूरी करने के साथ ही जल्द ही निर्माण की उम्मीद की जा रही थी। 50 करोड़ रुपये की लागत से अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के निर्माण का प्रमुख उद्देश्य शहरवासियों को महानगरों की यात्रा सेवा सुलभ कराना था । आठ साल बीतने के बाद भी आईबीटीएस का निर्माण शुरु नहीं हो पाया है । गौरतलब है कि नगर में एकमात्र प्रियदर्शनी बस स्टैंड है। करीब 3 दशक पहले जिस समय बस स्टैंड का निर्माण कराया गया था उस समय के लिहाज से बस स्टैंड माकूल व सुविधाजनक था। आज की स्थिति में यात्री बसों की क्षमता बढ़ जाने के बाद बस स्टैंड की जगह भी कम पड़ने लगी है।

अंतर्राज्यीय बस स्टैंड निर्माण के लिए जमीन का आवंटन हुए काफी समय बीत गया है । पूर्व में करीब चार साल पहले आईबीटीएस संबंधी प्रस्ताव बनाकर परिवहन विभाग द्वारा नगरीय प्रशासन विभाग को भी भेजा जा चुका है । जमीन आवंटित हो चुकी है । आगे की प्रक्रिया के लिए अब गंभीरता से प्रयास नहीं किये जा रहे हैं।

अन्तर्राज्जीय बस स्टैंड के अलावा नगर में क्षेत्रीय बस स्टैंड भी प्रस्तावित है। जुहला बायपास के समीप प्रस्तावित बस स्टैंड से भी सुविधा होगी। आने वाले दिनो में यदि दोनो बस स्टैंड का निर्माण हो जाता है तो प्रियदर्शनी बस स्टैंड में भी वाहनो का दवाब कम होगा। यात्रियों को भी सुविधा होगी। जानकारी अनुसार रीवा से नागपुर , बनारस से महाराष्ट्र के बीच चलने वाली लंबी दूरी की आधा दर्जन लग्जरी बसें शहर के प्रियदर्शिनी बस स्टैंड तक नहीं आती हैं । जरूरतमंद यात्री को रात्रिकाल में चाका बाईपास में रोड किनारे इनका इंतजार करने मजबूर रहना पड़ता था । आईबीटीएस बनने और यहां से होकर गुजरने वाली बसों के ठहराव से शहरवासियों को कटनी से यूपी , छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र की सीधी कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने नियमित मॉनिटरिंग करेंगे अधिकारी

**कटनी।** नगर की साफ सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से निरन्तर सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से निगमायुक्त नीलेश दुबे ने सफाई व्यवस्था के निरीक्षण एवं व्यवस्था में सुधार हेतु आदेश जारी करते हुए निर्धारित रोस्टर निर्धारित कर प्रातः 6:00 से 9:00 तक तक सफाई व्यवस्था के निरीक्षण हेतु विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। निगमायुक्त श्री दुबे ने सभी संबंधित अधिकारियों को भ्रमण करते हुए सफाई व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत सफाई मित्रों की उपस्थिति चैक करने, अनुपस्थिति दर्ज करने के साथ सफाई व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक सुझाव एवं निर्देश देने इत्यादि की कार्यवाही करते हुए रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। शहर की साफ सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाये जाने हेतु निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार लाने हेतु निगमायुक्त ने विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गई है,जो कि निर्धारित रोस्टर अनुसार वार्डों में सफाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं अन्य कार्यवाही करेंगे। रोस्टर अनुसार उपायुक्त शैलेंद्र गुप्ता को माह के प्रथम एवं तृतीय बुधवार,राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक को प्रथम एवं तृतीय मंगलवार,प्र सहा यंत्री अनिल जायसवाल को प्रथम एवं तृतीय गुरुवार, प्र सहा यंत्री सुनील सिंह को प्रथम एवं तृतीय शुक्रवार को,प्र सहा यंत्री आदेश जैन को प्रथम एवं तृतीय शनिवार को निरीक्षण हेतु ड्यूटी लगायी गई है।

### अवैध शराब के ठिकानों पर पुलिस की दबिश

**ढीमरखेड़ा।** अवैध शराब के ठिकानों पर दबिश देकर पुलिस ने कार्यवाही की है। थाना प्रभारी मो. शाहिद ने बताया कि एसपी द्वारा शराब के अवैध ठिकानों एवे सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने आदेशित किया गया है। गत दिवस 4 ठिकानों पर दबिश देकर अवैध शराब जप्त करते हुए आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। कार्रवाई में सउनि जयंचद उईके, उनि विष्णुशंकर जायसवाल, प्रजार मनोज ठाकुर आर. पंकज सिंह का योगदान रहा।

### सीसी नाली निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के हेमू कालाणी वार्ड में पीएम दाल मिल के पीछे लगभग 19 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली सी.सी. नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और क्षेत्रीय पार्षद एवं मेयर इन काउंसिल सदस्य सुमन राजू माखीजा की मौजूदगी में संपन्न हुआ। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने भूमिपूजन के दौरान नागरिकों की मांगों एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगर के प्रत्येक वार्डों में समुचित विकास किये जाने की बात कही। महापौर श्रीमती सूरी नें कहा कि लक्ष्मी साईकिल मार्ट से अंदर कुलिया में रोड़ के दौनों ओर नाली निर्माण होनें से वर्षा के दौरान मार्ग में पानी भराव की समस्या से मुक्ति मिलेगी तथा क्षेत्र की सफाई व्यवस्था भी सुचारू रहेगी।

*अधिकारियों को गुमराह कर मिट्टी का किया जा रहा विक्रय*

## प्राची ताल जलाशय मडेरा तालाब पर जेसीबी से किया जा रहा अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

प्राची ताल जलाशय मडेरा में रात के समय में जेसीबी और ट्रेक्टर ट्रालियों की भगदड़ रहती है। यहाँ जलाशय से मिट्टी निकालकर खुलेआम विक्रय किया जा रहा है। अधिकारियों को गुमराह कर पूरी रात माफिया सक्रिय रहकर मिट्टी का उत्खनन कर परिवहन में जुटे हैं।

जानकारी के मुताबिक ढीमरखेड़ा तहसील के मडेरा स्थित प्राची ताल जलाशय से मिट्टी निकालने की रशीद कटाकर खुलेआम मिट्टी का विक्रय किया जा रहा है। जलाशय के अधिकारियों ने 11 -11 सौ रुपये की दो रशीद भी इस शर्त पर काट दिया कि मिट्टी स्वयं के खेत में डाली जायेगी। लेकिन यहाँ ऐसा नहीं हो रहा है। अधिकारियों को गुमराह कर जलाशय से मिट्टी खोदकर बेच रहे हैं। मिट्टी का विक्रय करने वाले जेसीबी मशीनों से मिट्टी खोदकर ट्रैक्टर ट्रालियों से परिवहन करने में जुटे हैं। जलाशय और जिम्मेदार अधिकारी इन पर कार्रवाई भी नहीं कर रहे हैं। मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली जिस रास्ते से होकर निकलते हैं, वहां धूल के गुबार जमकर उड़ते है। मिट्टी विक्रय के इस अवैध कारोबार को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों में आक्रोश है।

अंधाधुंध तरीके से माफियाओं के द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर उत्खनन किया जा रहा है।जिससे वहां पर कई फुट गहरे गड्ढे हो गए है। प्राची ताल जलाशय मडेरा के पास ही जिस स्थान पर अवैध उत्खनन किया जा रहा है,पास में ही जंगल लगा हुआ है और इसी तालाब में वन्य प्राणी पानी पीने के लिये आते है। माफियाओं के द्वारा कई फुट गहरा गड्ढा कर दिया गया है,जिस कारण से वन्यप्राणियों के उसमें गिरकर चोटिल होने और जान को खतरा है।माफियाओं के द्वारा एक ओर जहां नियमों को ताक पर रखकर रात के समय तालाब की मिट्टी निकाली जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ शासन को भी आर्थिक हानि पहुंचाकर निकाली गई मिट्टी को विक्रय करने का कार्य संबंधित उत्खननकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया तालाब से मिट्टी निकालकर महनेर मैन रोड के किनारे डालकर उसका व्यवसायिकरण किया जा रहा है।

### इनका कहना है

इस संबंध में विभागीय उपयंत्री एल.एन. तिवारी का कहना है कि महनेर के किसान राममनोहर तिवारी के द्वारा 1100-1100 रूपये की दो रसीदें कटवाई है, जिसमें उनके द्वारा स्वयं के खेत में मिट्टी डालने की बात कहीं गई है। यदि उनके द्वारा तालाब की मिट्टी का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है,तो वह पूर्णतः नियम विरूद्ध है। उनके द्वारा विभाग को गुमराह किया गया। स्वयं के खेत के लिये जो अनुमति दी गई है उसे भी रद्द किया जायेगा।

## केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जन-आधारित और पारदर्शी शासन की प्रतीक है, जिसने बीते 11 वर्षों में आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी है। इसी कारण हम 'विकसित भारत' और 'अमृतकाल' को जमीन पर उतरते हुए देख रहे हैं। यह विचार भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री के 2047 विकसित भारत के संकल्प से सिद्धि के गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर राज्यसभा सांसद तथा भाजपा प्रदेश महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते व्यक्त किये। महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का दुनिया मे सम्मान बढ़ा तो वहीं ऑपरेशन सिंदूर के जरिये दुश्मनों को कड़ा संदेश दिया गया कि जो देश की तरफ आंख उठा कर देखेगा उसको उसी भाषा मे समझाया जाएगा। निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने कहा 11 साल में आज भारत देश की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है।

## उर्वरक एवं बीज भंडारण एवं वितरण का निरीक्षण करने अधिकारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर खरीफ वर्ष 2025-26 में बोनी की तैयारी एवं कृषकों की सुविधा संतुलन के लिए उर्वरक एवं बीज भण्डारण प्रदाय हेतु अनुविभाग बहोरीबंद अंतर्गत सहकारी समितियों व निजी पंजीकृत डीलर्स के सतत निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण के लिये अधिकारियों की ड्युटी लगाई गई हैं।

एसडीएम बहोरीबंद द्वारा जारी आदेश के अनुसार नेहा जैन तहसीलदार बहोरीबंद एवं आर. के. चतुर्वेदी वरिष्ठद कृषि विस्तांर अधिकारी बहोरीबंद को राज्य सहकारी विपणन संघ बहोरीबंद, पीएसीएस बहोरीबंद, हिमांशु कृषि केन्द्र बहोरीबंद एवं नायक कृषि केन्द्रं बहोरीबंद का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

इसी प्रकार आदित्य द्विवेदी नायब तहसीलदारबाकल कोरासायनिक उर्वरक विक्री केंद्र बाकल, पीएसीएसबाकल, इगलिया, सलैया एवंचांदनखेडा, अमित ट्रेडर्स बाकल,चक्रवर्ती खाद भंडार बाकल,पटेल ट्रेडर्स बाकल,मोदी ब्रदर्स बाकल, राज ट्रेडर्स बाकल, राहुल नायक बाकल, प्रमोद कुमार रूपचंद जैन बाकल, पीएसीएस सिहुंड़ी एवं बरही, पीएसीएस देवरी खरगवांएवंलालू ट्रेडर्स बड़खेराका नोडल अधिकारी नियुक्तस किया गया है।

जबकि ओम बघेल नायब तहसीलदार कुआं एवं बचैया को पीएसीएस कुआं, नायक कृषि केन्द्र कुआं, पीएसीएस कूडन एवं हथियागढ़ का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

इसके अलावा सारिका रावत तहसीलदार स्लीकमनाबाद, मौसमी केवट नायब तहसीलदार कौडिया को पीएसीएस स्ली मनाबाद एवं तेवरी, आरिकेत कृषि केन्द्रि तेवरी, गुप्ताा ट्रेडर्स बंधी स्टे्शन, हल्दीकार कृषि केन्द्रे तिहारी, कपिल ट्रेडर्स तेवरी, मयूर ट्रेडर्स स्लीतमनाबाद, प्रशांत कृषि केंद्र स्लीहमनाबद, श्रेयांश कृषि केंन्द्र स्लीमनाबाद, पीएसीएस कौडिया एवं धूरी, जैसवाल कृषि केन्द्रं कौडिया, अग्रहरि कृषि केन्द्र कौडिया, तिवारी ट्रेडर्स एण्डय एग्रीकेमि का नोडल अधिकारी नियुक्तं किया गया है।

*इसरो के सहयोग से तैयार कया या है सिपरी साफ्टवेयर*

## सिपरी साफ्टवेयर की मदद से खेत तालाब और अमृत सरोवर स्थल का किया चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में पहली बार खेत तालाब और अमृत सरोवरों के निर्माण के लिए स्थल का चयन वैज्ञानिक पद्धति से किया गया है। इसके लिए नवाचार करते हुए मनरेगा परिषद द्वारा सिपरी सॉफ्टवेयर की मदद ली गई है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 2021 खेत तालाब, 1808 कपिलधारा कूप रिचार्ज पिट और 18 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा माय भारत पोर्टल पर 3094 जलदूतों ने पंजीयन भी कराया है। ग्रामीण अंचलों में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अब तक 196 निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। जबकि 740 कार्य प्रगतिरत हैं।



### क्या है सिपरी सॉफ्टवेयर एवं प्लानर ऐप

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने बताया कि सिपरी (सॉफ्टवेयर फॉर आइडेंटीफिकेशन एंड प्लानिंग ऑफ रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर) सॉफ्टवेयर एक उन्त तकनीक का सॉफ्टवेयर है, जिसे महात्मा गांधी नरेगा, मप्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल द्वारा एमपीएसईडीसी और इसरो के सहयोग से तैयार कराया गया है। इस साफ्टवेयर का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के लिए उपयुक्त स्थलों की सटीक पहचान कर गुणवत्तापूर्ण संरचनाओं का निर्माण सुनिश्चित करना है। साथ ही यह भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित वैज्ञानिक पद्धतियों से जल संरचना स्थलों के चयन को अधिक सटीक बनाता है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मनरेगा परिषद द्वारा एक प्लानर ऐप बनाया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य है मनरेगा के उद्देश्यों एवं प्रावधानों का पालन कराते हुए कार्ययोजना को आसान तरीके से बनाया जाना। ऐप के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर लिए जाने वाले कार्यों की वार्षिक कार्ययोजना तैयार की जाती है। मध्यप्रदेश इस तरह का नवाचार करने वाला देश का पहला राज्य है।

### 30 जून तक चलेगा अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बारिश के पानी की प्रत्येक बूंद का संचयन व पुराने जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार करने के लिए कटनी जिले में तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। 30 जून तक वाले इस अभियान की शुरुआत 30 मार्च को हुई थी।

### महापौर ने कहा बिना भेदभाव नगर का हो रहा चहुंमुखी विकास

## दो वार्डों में 60 लाख के विकास कार्यों की रखी गई आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के चहुंमुखी विकास को दृष्टिगत रखते हुए विकास कार्य कराए जा रहे है। हमारा यही प्रयास है कि प्रत्येक वार्ड के नागरिकों को सुगम आवागमन हेतु पक्की सड़कों के साथ ही बेहतर से बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो। यह बात गुरूवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने आचार्य कृपलानी वार्ड में 13.26 लाख रूपये की लागत से कराए जानें वाले विकास कार्यों के भूमिपूजन के दौरान व्यक्त किए।

महापौर श्रीमती सूरी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि विकास कार्य अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है तथा नगर निगम द्वारा नगर में निरंतर विकास कार्य कराए भी जा रहे है।



वार्ड में मार्ग का डामरीकरण होने से क्षेत्रीय नागरिकों सहित स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। महापौर ने निर्माण एजेंसी के ठेकेदार एवं क्षेत्रीय उपयंत्री को निर्धारित मानक के अनुरूप ही विकास कार्य करने के निर्देश दिए ताकि नागरिकों को लंबे समय तक उनकी सुविधा प्राप्त हो सके।

### चार विकास कार्यों की सौगात

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने हेमू कालाणी वार्ड के नागरिकों को लगभग 46 लाख रुपए के चार विकास कार्यों की सौगात दी। इस दौरान महापौर ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, निगम पार्षदों, एवं गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर विकास कार्यों का भूमिपूजन कर वार्डवासियों को विकास कार्यों की शुभकामनाएं भी दी।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नागरिकों के सुगम आवागमन हेतु राय कालोनी में 27.18 लाख रुपए की लागत से विभिन्न मार्गों के डामरीकरण कार्य के साथ ही जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु लगभग 19 लाख रुपए से वार्ड के तीन स्थलों में नाली निर्माण कराकर ड्रेनेज सिस्टम को और भी बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे है। नगर में विकास कार्यों का सिलसिला अनवरत जारी है। शासन के सहयोग और आप सभी के आशीर्वाद से नगर विकास की यह यात्रा आगे भी निरंतर जारी रहने की बात महापौर ने कही।

### गुणवत्ता पर रखें नजर

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि विकास कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो तथा इसका लाभ आप सभी को लंबी अवधि तक प्राप्त हो इस हेतु निर्माण कार्य के दौरान आप भी कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखे और कही भी शिकायत मिलने पर नगर निगम कार्यालय को अवश्य सूचित करें।

पार्षद श्रीमती सुमन माखीजा ने बताया कि राय कालोनी के विभिन्न मार्गों में डामरीकरण होने से जहां एक ओर सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। वहीं दूसरी ओर अतिवर्षा के दौरान जलभराव की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## आदतन अपराधी को जिले की राजस्व सीमाओं से 6 माह के लिए किया गया जिला बदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने गांधीगंज कटनी निवासी श्रेयांश गुप्ता उर्फ श्रेय उर्फ कल्लूव बकरा पिता श्रीराम गुप्तांउर्फ कल्लू गुप्तार उम्र 20 वर्ष के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 6 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्वा सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

कलेक्टर श्री यादव ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। श्रेयांश गुप्ताक के विरूद्ध वर्ष 2019 से अब तक अलग-अलग थानों में 20 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें अवैध रूप से पैसों की मांग करना, व्यापारियों से रंगदारी वसूलना और न देने पर सरे आम गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, शराब पीने नशा करने के लिए अवैध रूप से पैसों की मांग करना, अवैध वसूली न देने पर वाहनों में आग लगाकर आगजनी करना, अवैध रूप में कब्जे में देशी कट्टा, चाकू-बका रखना, विस्फोटक पदार्थ रखना, लोगों से वसूल किए हुए पैसों से नशा करना, जुआं खेलना, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करना, जा एवं जनजाति वर्ग के सदस्यों को जातिगत रूप से अपमानित करते हुए चाकू से हमला कर घायल करने जैसे गंभीर प्रकृति के अपराध पंजीबद्ध है। पुलिस के द्वारा श्रेयांश के विरूद्ध कई बार वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई फिर भी आदतन अपराधी श्रेयांश के आचरण व्येवहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

श्रेयांश की आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री यादव ने आदतन अपराधी श्रेयांश को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्वद सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्नाु एवं उमरिया जिले की राजस्वय सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

## खबर संक्षेप

### बस की चपेट में आने से युवक की मौत

**कटनी।** बस स्टैंड पुलिस चौकी से कुछ दूर सूर्या होटल के समीप बस की टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसा कारित करने के बाद बस चालक चंपत हो गया। मृतक की पहचान देवेंद्र पटेल निवासी पन्ना मोड़ के रूप में की गई है जो की कपड़ा बेचने का काम करता था। जानकारी के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ जब बस स्टैंड से सवारियाँ भरकर एक बस मैहर-सतना की ओर जा रही थी। सूर्या होटल के समीप बस ने पीछे से एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। युवक बस के पहिए के नीचे आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली टीआई अजय बहादुर सिंह अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुँचे। पुलिस ने शव को परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है हालांकि हादसे के बाद से बस चालक फरार बताया जा रहा है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी हुई है।

### मारपीट कर हत्या कर लाश फेकने के आरोप



**कटनी।** माधव नगर थाना के निवार चोकी अंतर्गत एक युवक की हत्या किये जाने की घटना सामने आई है। रेल पुलिस द्वारा लाश को जिला अस्पताल लाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक के भाई महेश का कहना छोटे भाई के हाथ पैर बाँध कर की गईं हत्या है। भाई सुनील प्यासी जो निवार का रहने वाला है और उसके हाथ पैर बांध कर नीवार रेल पुलिया के नीचे हत्या की गईं। परिजनों ने बताया कि यह कल शाम 4 बजे घर से ट्रेक्टर लेकर बाहर निकले थे जैसे ही घटना की जानकारी मिली की शव को जिला अस्पताल भेजा गया तो मैं यह पर पहुंचा हूं। अधिक जानकारी मेरे परिजनों को पता होगी।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 15 से

**कटनी।** भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत जनजातीय ग्रामों में निवास करने वाले जनजातीय समुदाय के हितग्राहियों को हितग्राही मूलक योजनाओं के शत-प्रतिशत सेचुरेशन हेतु 15 जून से 30 जून तक विशेष अभियान चलाकर सेचुरेशन कैम्प आयोजित किये जायेंगे। इस अभियान में जनजातीय समुदाय के वंचित लोगों को आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जाति प्रमाण-पत्र आदि सेवाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिया जाएगा। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के जनपद पंचायत कटनी के 12 ग्राम, बडवारा के 31 ग्राम, विजयराघवगढ के 18 ग्राम, बहोरीबंद के 12 ग्राम, ढीमरखेडा के 37 ग्राम तथा रीठी के 89 ग्राम सम्मिलित किये गये है। साथ ही अभियान के सफल संचालन और आम लोगों के बीच जागरूकता हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### अमृत हरित अभियान पर कार्यशाला 13 जून को

**कटनी।** शासन के निर्देशानुसार अमृत हरित महाअभियान के तहत आज 13 जून को प्रातः 08.30 बजे से सायं 05.00 बजे तक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रविन्द्र भवन, भोपाल में किया गया है।कार्यशाला का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। `राज्य स्तरीय कार्यशाला का सीधा प्रसारण निकाय स्तर में नगर पालिक निगम कटनी के मेयर-इन-काउंसिल सभागार में आयोजित किया जाएगा। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने आदेश जारी करते हुए निकाय स्तर में सीधा प्रसारण कार्यक्रम की व्यवस्थाओं हेतु अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे हैं।

## जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड और जिला निर्यात समिति की हुई बैठक

# कलेक्टर ने दी सख्त हिदायत, व्यवस्थाएं रखें दुरूस्त नहीं तो होगी सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने औद्योगिक इकाईयों और फैक्ट्रियों के संगठन के पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों से कहा कि वे शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए फैक्ट्रियों और कारखानों में तय मानकों के मुताबिक फायर एनओसी के नियमों का सख्तीद से पालन करें। कलेक्टिर ने दो-टूक लहजे में कहा कि जिन औद्योगिक इकाईयों के पास अस्थोयी फायर एनओसी नहीं है, उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने यह बात गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तयरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड और जिला स्तंरीय निर्यात समिति की बैठक की अध्ययक्षता करते हुए कही। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वोकर्मा, वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा और जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे।



बैठक में कलेक्टर ने कहा कि बीते दिनों औद्योगिक क्षेत्र लमतरा की औद्योगिक इकाई मे हुई आगजनी की घटना के मद्देनजर ऐहतियातन जिले की सभी फैक्ट्रियों और कारखानों में फायर सुरक्षा की जांच हेतु एसडीएम कटनी की अध्यफक्षता में टीम गठित की गई है।

कलेक्टर ने पहले भी औद्योगिक इकाईयों में हुई आगजनी की घटना के बाद एमपीआईडीसी सहित अन्य विभागों द्वारा की गई कार्यवाहियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने सभी औद्योगिक इकाईयों को फायर सुरक्षा के नियमों, उपकरणों आदि की जानकारी देने के लिए निगमायुक्त को एक सप्ताह के भीतर सभी औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों की कार्यशाला आयोजित कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निगमायुक्ति को निर्देशित किया कि सभी कारखानों और फैक्ट्रियों से फायर एनओसी का प्रतिवेदन भी लें। उद्योग संगठन के प्रतिनिधियों ने औद्योगिक क्षेत्र लमतरा मे पार्किंग व्यकवस्थात, सुलभ शौचालय व सामुदायिक भवन की आवश्यलकता बताई। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क एवं नालियों की मूलभूत जरूरतों को विकसित करने में संबंधित ठेकेदार द्वारा रूचि नहीं लिए जाने की जानकारी दिए जाने पर कलेक्टंर श्री यादव ने कहा कि कार्य नहीं करने वाले ठेकेदार के विरूद्ध ब्लै क लिस्टेरड करने की कार्यवाही करते हए नियमानुसार निगमायुक्ती की मदद से ठेकेदार को परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू करें। बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों में चोरियों की बढ़ती घटनाओं पर चर्चा के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वेकर्मा ने कहा कि आप सब ऐसे चिन्हित स्थहलों में सीसीटीवी कैमरे भी लगवायें। पुलिस द्वारा भी यहां की पेट्रोलिंग कर गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी।

### सलाह कर करें प्रभावी पहल

कलेक्टर ने औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों से कहा कि कारपोरेट सोशल रिस्पॉंसिबिलिटी मद से सभी लोग मिलकर खुद का फायर ब्रिगेड खरीदने की पहल करें। इसके लिए आपस में सलाह मशविरा कर प्रभावी पहल की जाय। उद्योगपतियों से प्राप्तय सुझाव के आधार पर कलेक्टर ने सभी कबाड़ियों का आधार सत्यापन करवाने निगमायुक्त को निर्देशित किया। बैठक में इसके अलावा जिला पंजीयक कार्यालय के सामने अमकुही रोड पर अस्ता-व्यमस्तअ ट्रैफिक व्यावस्थाा को दुरूस्त् करने का भी सुझाव मिला। जिस पर कलेक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक ने जल्द ही इस समस्या का निराकरण करने आश्वतस्तव किया।

# उर्वरक वितरण कराने अधिकारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के द्वारा जिले में आगामी खरीफ सीजन 2025 हेतु कृषकों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश समय-सीमा बैठक में दिए गए थे। विजयराघवगढ़ एसडीएम महेश मंडलोई द्वारा आदेश जारी कर सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के यहां कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये अधिकारी सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर किसानों को उर्वरक वितरण कराना एवं सहकारी समिति एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के स्कंसध भंडारण का निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे।

विजयराघवगढ़ एसडीएम द्वारा जारी आदेश के अनुसार हरिओम चंद्रवंशी पीएसीएस विजयराघवगढ़ एवं विजयराघवगढ़ के अंतर्गत समस्तच उर्वरक विक्रेताओं के यहां उर्वरक वितरण का कराना सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार देव रघुवंशीपीएसीएसकारीतलाई एवं कारीतलाई एवं बम्हौरी के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं, मुकेश डुडबे पीएसीएसटीकर (सलैया कोहारी) एवं टीकर एवं शिवधाम (दुर्जनपुर) के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं, यू.आर. वामनकर पीएसीएस सिनगौड़ी एवं सिनगौड़ी के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं, विशाल कनेल पीएसीएसनन्हवारा एवं अमेहटा तथा नन्हवारा एवं अमेहटा के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं, प्रेमलाल पीएसीएस जिवारा एवं बरहटा तथा जिवारा एवं बरहटा के अंतर्गत समस्त निजि उर्वरक विक्रेताओं के यहां ड्यूटी लगाई गई है।

वी.एस. बाल्मीक प्रियदर्शिनी नगद उर्वरक विक्रय केंद्र रजरवारा नं0-1 एवं हथेड़ा के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं, राहुल सोनानिया पीएसीएस उबरा एवं गैरतलाई के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं, श्याम मण्डलोई पीएसीएस देवराकलां एवं भैंसवाही के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं, राहुल जाटव पीएसीएस बरही एवं नगद विक्रय केंद्र बरही तथा बरही के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं, ब्रम्हानंद परस्ते पीएसीएस पिपरियाकलां एवं पिपरियाकलां के अंतर्गत समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओंतथा रामावतार गांधी पीएसीएस खितौली एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के यहां वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे।

## किड्स केयर स्कूल मे आयोजित हुआ सम्मान समारोह

# प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को मोमेंटो सर्टिफिकेट से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खिरहनी स्थित किड्स केयर ग्रुप ऑफ स्कूल के तत्वावधान मे आपना 15 वां मेधावी छात्र अभिभावक सम्मान समारोह बहुत ही उत्साह पूर्वक सम्मपन हुआ। इस समरोह की मुख्य अतिथि श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया मेडम संयुक्त कलेक्टर जिला कटनी ,विशिष्ट अतिथि मंजूषा गौतम ,मंयक पाण्डे डायरेक्टर ज्ञान गंगा इंजीनियरिंग कॉलेज., डॉ,सुनील मिश्रा ऐ.के.एस यूनिवर्सिटीज सतना की गरिमामय उपस्थित मे मनाया गया। विगत 15 वर्षो से बोर्ड परीक्षा एम.पी.बोर्ड सी.बी.एस.सी .बोर्ड प्रायवेट स्कूल और सरकारी स्कूल से कटनी जिले की 75% या उससे




अधिक उत्तीर्ण छात्रो और उनके अभिभावको का सम्मान मुख्य अतिथि के शुभ हाथो से मोमेंटो ,सर्टिफिकेट प्रदान कर एव तिलक माला पहनाकर किया गया।

सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा और सरस्वती वंदना की मनमोहक नृत्य प्रस्तुती किड्स केयर के छात्राओ के द्वारा की गयी। मुख्य अतिथि का शाल श्रीफल मोमेंटो से सम्मान स्कूल की प्राचार्य कात्यायनी मेडम के द्वारा किया गया तथा अन्य विशिष्ट अतिथि का सम्मान डायरेक्टर ऐरावत आकाश हिन्दूजी द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया मेडम संयुक्त कलेक्टर जिला ने आपने उद्बोधन मे उपस्थित छात्रो एव अभिभावको को बधाई और शुभकामनाऐ तथा उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरणादायक बातो से मार्गदर्शन किया। कटनी जिले के सभी स्कूल के लगभग 235 छात्रो और अभिभावको का सम्मान किया गया। सफलतापूर्वक मंच संचालन राखी एव फरहीन मेडम के द्वारा किया गया।

उपस्थित अपार जन समूह के उत्साह और सम्मान प्राप्त होने पर समरोह मे पूरे समय उपस्थित रहे और सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाऐ देते रहे।

## कृषि मंडी गेट पर व्यापारियों ने किया विरोध प्रदर्शन



कृषि उपज मंडी में स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश भड़क गया। गुरूवार को सुबह से व्यापरियों ने कृषि उपज मंडी में किसानों और व्यापारियों ने हंगामा कर मंडी गेट पर वाहन लगा कर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि बाहरी व्यापारियों का नियम विरुद्ध मंडी लायसेंस बनाए जाने को लेकर विरोधकिया जा रहा है। कृषि उपज मंडी के मुख्य गेट में ट्रक खड़े कर किसानों और व्यापारियों ने किया हंगामा। स्थानीय व्यापारियों ने कहा बाहरी लोग पैसा खाकर भाग जाने पर मंडी व्यापारियों की छवि धूमिल होती है। पुलिस वैरिफिकेशन और नियम से लायसेंस बनाए जाने की मांग रखी गई। करीब 2 घंटे से ज्यादा देर तक हंगामा जारी रहा बाद में अधिकारियों की समझाइश के बाद व्यापारी शांत हुए।

# महिला ट्वेंटी 20 प्रीमियर लीग पर आधारित क्रिकेट का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर में पहली बार महिला क्रिकेट लीग का आयोजन होगा। यह 13 जून से आयोजित होगा। इसके समन्वयक अक्षय असाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक जितने भी आयोजन महिला क्रिकेट में हुए हैं, ये उससे थोड़ी अलग और बेहतरीन होगी। महिला प्रीमियर लीग ( डब्ल्यूपीएल ) कटनी नगर में पहली बार महिला ट्वेंटी 20 क्रिकेट लीग पर आधारित महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट का आयोजन नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों तत्वाधान में किया जा रहा हैं 2025 में स्थापित इस WPL इसमें चार शहर-आधारित फ्रैंचाइज़ी टीमें शामिल हैं। जिसमें अरिंदम प्लेयर्स, रॉयल डीवास, MAD-HHAVI'S STRIKERS और CHADHA SUPER QUEENS कटनी में पहली बार महिलाएं मैदान में उतरेंगी और उनका बल्ला बोलेगा। यह सिर्फ़ एक टूर्नामेंट नहीं है. यह नगर सहित पुरे जिले में महिला खेल क्रांति की शुरुआत है।

### महिलाएं करेंगी मेजबानी

माना जा रहा हैं की यह आयोजन अबतक का कटनी में सबसे सफल क्रिकेट लीगों में से एक होंगा। इस संबंध में समन्वयक अक्षय असाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि WPL 2025 वूमन प्रीमियर लीग सीजन 1 का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस बार टूर्नामेंट 13 जून से 14 जून तक खेला जाएगा। सीजन का पहला मैच 13 जून खेला जाएगा। और 14 जून को टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा। महिलाएं पुरे टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगी, जो शहर में महिलाओं की इंडियन प्रीमियर लीग या डब्ल्यूपीएल का पहला आयोजन होगा। नवनिर्मित स्थल एस स्क्वायर टर्फ, राय कॉलोनी, कटनी (म.प्र.) पर खेले जाएंगे.जितने वाली टीम को पुरस्कार के रूप में 55,000 रुपए और एक शानदार चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की जाएगी वही उपविजेता टीम को 21000 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी इस पुरे आयोजन में महिलाओं का जोश गूंजेगा, यह सिर्फ़ क्रिकेट नहीं यह है नारी शक्ति का पराक्रम। यह उस आवाज़ का पहला शंखनाद है, जो कहती है:"अब मैदान पर सिर्फ़ पुरुष नहीं, महिलाएं भी राज करेंगी।

## ग्राम सरसवाही में हुआ जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# साइबर एवं महिला अपराधों से बचाव सहित ट्रैफिक रूल्स का पालन करने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद पुलिस ने पुलिस ग्राम सरसवाही में एक महत्वपूर्ण जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। जन संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध, यातायात नियमों और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूक करना था। थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने ग्रामीणों को इन विषयों पर विस्तृत जानकारी दी और उनकी समस्याओं को सुना। जन संवाद में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, जिनमें ग्राम सरसवाही के सरपंच, सचिव और वरिष्ठ नागरिक शामिल थे। ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और अपनी समस्याओं को साझा किया।



जन संवाद में ग्रामीणों को साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध और यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, ग्राम सचिव को वरिष्ठ अधिकारियों, थाना प्रभारी और बीट के अधिकारी, कर्मचारियों के मोबाइल नंबर देकर सार्वजनिक स्थान पर पेंट से लिखवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस की इस पहल से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी है और उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक मंच मिला है। पुलिस की इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है और इससे ग्रामीणों और पुलिस के बीच बेहतर संबंध स्थापित होने की उम्मीद है।

थाना प्रभारी श्री दहिया ने कहा कि पुलिस आगे भी इस तरह के जन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी, जिससे ग्रामीणों को और अधिक जागरूक किया जा सके और उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके।

## एसडीएम की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय जांच दल का किया गया गठन

# औद्योगिक इकाईयों व फैक्ट्रियों में फायर सुरक्षा प्रबंधों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बिना फायर एनओसी की चल रही औद्योगिक इकाईयों और कारखानों के विरूद्ध सख्त कदम उठाते हुए इनकी जांच व निरीक्षण के लिए जांच दल गठित कर दिया है।

कलेक्टर श्री यादव द्वारा जिले के औद्योगिक क्षेत्र लमतरा, बरगवां, अमकुई, कटाये घाट, माधवनगर और अमीरगंज सहित अन्य स्थानों में स्थापित औद्योगिक इकाईयों और फैक्ट्रियों में तय मानकों के मुताबिक फायर सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। यह जांच समिति 7 दिन में वस्तुस्थिति का जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपेगी।



जांच समिति का अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी को बनाया गया है। जबकि सदस्य के तौर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक, लोक निर्माण विभाग, इलेक्ट्रिकल एण्ड मेकैनिकल के अनुविभागीय अधिकारी सहित मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम की ओर से कटनी क्षेत्र के लिए अधिकृत सहायक यंत्री एवं उपयंत्री तथा नगर पालिक निगम कटनी के फायर ऑफिसर को शामिल किया गया है।

### बचाव के रखें उपकरण

कलेक्टर ने लमतरा औद्योगिक इकाई में हाल ही में हुई आगजनी की घटना के बाद जिले भर की फैक्ट्रियों और औद्योगिक इकाईयों में आग से बचाव के सभी उपकरणों को चाक-चौबंद रखने की अपेक्षा सभी औद्योगिक इकाईयों के संचालकों और प्रबंधकों से की है। इसी परिप्रेक्ष्य में उन्होंने औद्योगिक इकाईयों में अग्नि सुरक्षा और विद्युत सुरक्षा ऑडिट करने के लिए जांच अधिकारियों की तैनाती की है।

### दल का किया गया गठन

लमतरा औद्योगिक क्षेत्र में संचालित दो औद्योगिक इकाइयों में बीते शनिवार को हुई आगजनी की घटना को कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए जिले की फैक्ट्रियों और कारखानों में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो, सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता हो और औद्योगिक संस्थानों में पर्याप्त फायर सेफ्टी व्यवस्था की समुचित उपलब्धता की जांच हेतु पांच सदस्यीय दल गठित किया है।

फायर एनओसी (अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र) एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। जो किसी भवन या परिसर को आग के खतरों से सुरक्षित रखने के लिए किए गए सुरक्षा प्रबंधों के आधार पर जारी किया जाता है। जिससे यह पता चलता है कि संबंधित औद्योगिक इकाई या भवन अग्निशमन सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है।

सभी औद्योगिक इकाईयों में अग्निशमन प्रणाली यानि फायर फाइटिंग सिस्टम निर्धारित मानकों के अनुरूप होने चाहिए। धुएं की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था हो, स्टेयर केस और रैम्प को हमेशा अवरोध मुक्त रखा जाना चाहिए। इन्हें चौनल गेट या किसी अन्य ढांचे से बंद नहीं किया जाना चाहिए।

साथ ही फैक्ट्री के ओपन एरिया को फाइबर शीट, टीन शेड या अन्य किसी अस्थायी संरचना से ढ़कने के बजाय खुला रखना चाहिए ताकि प्राकृतिक वेंटिलेशन भी बना रहे।

### इलाज के लिए 1.30 लाख रुपये स्वीकृत

**कटनी।** मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 3 गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के उपचार के लिए 1 लाख 30 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की है। सलैया फाटक निवासी मायाबाई साहू की गंभीर बीमारी के उपचार हेतु 40 हजार रुपये, ग्राम पटोरीखुर्द निवासी मीराबाई गौड के गंभीर बीमारी के उपचार हेतु 50 हजार रूपये की स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम बिलहरी निवासी पारवती चौरसिया की बीमारी के उपचार हेतु 40 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### श्रेया ग्रुप ऑफ कम्पनी से वापिस पैसे दिलाने की कार्यवाही की मांग

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम परनियापुर निवासी विजयपाल सिंह पिता श्री राजू सिंह ने श्रेया ग्रुप ऑफ कम्पनी 22 दिसंबर 2023 मे नायक एम. हिमेन्द्र के माध्यम से आठ लाख रूपये लगाया था जिसको लेकर आज पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर पैसे वापिस दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में लेख है कि मैं विजयपाल सिंह मैने श्रेया ग्रुप ऑफ कम्पनी 22 दिसंबर 2023 मे नायक एम. हिमेन्द्र के माध्यम से आठ लाख रूपये लगाया था। जिसमे श्रेया ग्रुप ऑफ कम्पनी एवं नायक एम. हिमेन्द्र के द्वारा मुझे प्लान पीपीबी एवं 11ः बताया गया। जिसमें प्लान के मुताबिक 1 लाख का 11000 रूपये महीना दिया जायेगा जिसमे नायक एम. हिमेन्द्र एवं कम्पनी द्वारा बोला गया। एम. हिमेन्द्र के आई. मोबाईल एप के माध्यम से उसके खाते में 800000 रूपयें भेजा गया। ज्ञापन में लेख है कि मेरा 8 लाख का 88000 रूपये पर महीना बन रहा है जिसमे कम्पनी ने बताया आपको 18 महीने तक 88000 रूपये आपके खाते में पैसा आयगा एवं पहला महीना जो स्टार्ट से शुरू होगा उसमे आपका 44000 रूपये दिया जायेगा इसके बाद आपके खाते में 88000 रूपये 18 महीने तक हर महीने आता रहेगा जिसमे दिये गये प्लान के तहत पैसा 1628000 रूपये बन रहा है जिसमे मरे खाते मे पहली पेमेन्ट 44000 रूपये एवं दूसरी पेमेन्ट 88000 रूपये तीसरी पेमेन्ट 88000 रूपये दी गई जो तीनो मिला कर लगभग 2,20000 रूपये कम्पनी द्वारा दिया गया है। कम्पनी के चेयर मेन हेमन्त कुमार राय एवं एम.हिमेन्द्र से मेरा रूका पेमेन्ट एक साथ दिलवाने की मांग की है।

### लापरवाह चालक को एक साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मारकर दो लोगों चोटिल करने वाले एक प्रकरण में सुनवाई करते हुए न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा पूर्वी तिवारी ने आरोपी को एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण पर डेढ़ हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।प्रकरण में पैरवी एडीपीओ विनोद सिंह लोधी ने किया।प्रकरण करीब 8 साल पुराना है। एडीपीओ विनोद सिंह लोधी ने बताया कि 15 फरवरी 2017 को शाम करीब सवा आठ बजे उमरियापान थाना क्षेत्र के मूलचंद लोधी और रामगोपाल लोधी दोनों साइकिल से डूंडी गांव जा रहे थे। स्लीमनाबाद रोड़ में पंप हाउस के पास मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 21 एमएफ 8873 से आ रहे उमरियापान निवासी रत्नेश पिता गरिजानंदन चौरसिया (42)ने सामने से टक्कर मार दी। घटना में दोनों को चोटें पहुचीं। पीड़तिों ने घटना की शिकायत उमरियापान पुलिस थाने में की थी।

वन परिक्षेत्र झलोंन में अवैध कटाई करने वालों पर शिकंजा

# सागौन से भरी गाड़ी पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन



वन परिक्षेत्र झलौन अंतर्गत आर एफ 156 बीट डुकरसता से सूचना प्राप्ति हुई कि वेश कीमती सागौन की अवैध कटाई कर वाहन से परिवहन किया जाना है। वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे एवं उपवन मंडल अधिकारी प्रतीक दुबे को जानकारी देकर उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में रेंजर सतीश मसीहा, डिप्टी रेंजर शंकर सिंह ठाकुर द्वारा वन अमले के साथ जासूसी लगाना शुरू किया। शंकर ठाकुर डिप्टी रेंजर ने बताया कि मुखविर की सूचना हमे रात करीब 12 बजे मिली। उसी समय हम लोग स्टाफ को लेकर बीट डुकरसता को निकले जहा पर पेड़ काटा गया था। हमें देखकर आरोपियों ने भागना शुरू किया, हम लोगो ने भी पीछा किया। आरोपी डुकरसता गाव में से घुसे ओर वे कही खो गए। हमारे चोकीदार चारो तरफ हर रास्ते पर बैठे थे मगर गाड़ी रात को जंगल से बाहर नही गयी। छानबीन जारी रही। करीब सुबह 6 बजे गाड़ी हमे आर एफ 155 बीट झलौन में मिली। गाड़ी पंचर हालत में मिली। जिसे हम लोगो ने अभिरक्षा में लिया और आगे की कार्यवाही की जा रही है। आरोपियों की तलाश जारी है। बेशकीमती सागौन लाल कलर की स्कॉर्पियो गाड़ी क्रमांक एम पी 04 एच बी 0224 पर 1.26 घन मीटर जिसकी कीमत लगभग एक लाख सात हजार दो सौ सात रुपए बताई जा रही है। गौरतलब है कि जहां पर अवैध कटाई की जा रही है वह क्षेत्र वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आता है। वन परिक्षेत्र झलौन स्टॉप एवं पीयूष त्रिवेदी जो रानी दुर्गावती अभ्यारण में पदस्थ हैं की सतर्कता से सफलता प्राप्त हुई। इस कार्यवाही में चौकीदार इदरीस खान, जलील खान, बाबूलाल रैकवार, वाहन चालक ब्रजेश ठाकुर वन अमले की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल बेमिसाल, विकसित भारत संकल्प सभा की बैठक डां खरे अस्पताल में आयोजित की गई। जिसमें राज्यमंत्री के अनुज सतेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं आज जिस प्रकार से देश मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ रहा हैं न कि पूरे देश एवं पूरी दुनिया में भारत का मान सम्मान बढा हैं। वैश्विक मंच पर भारत की मजबूती बढी हैं। सेवा सुशासन गरीब कल्याण आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत की संकल्पना की अवधारणा को पर काम किया जा रहा हैं। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए हर क्षेत्र में काम किया हैं। पिछले 11 वर्षो की गरीब कल्याणकारी योजनाओं के बारे बताया। आजाद भारत के इतिहास में जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में नेतृत्व मिला हैं आने वाले स्वर्णिम वर्ष में भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करेंगा। सांसद प्रतिनिधी रूपेश सेन ने कहा कि पार्टी संगठन की गतिविधियों को विस्तार से समझाया। प्रत्येक शक्ति केंद्र में बैठक की जाएं जिससे आगामी 1 माह तक पार्टी संगठन के चलने वाले कार्यक्रम बूथ स्तर पर संचालित किए जाएं। इस दौरान बैठक में मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, सांसद प्रतिनिधी मूरत सिंह लोधी, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, डां परम सिंह लोधी, अनीता ठाकुर, विवेक जैन, राजू रसिया, चेतन जैन, शुभम जैन, दीपक कटारे, राजकुमार ठाकुर, गुडडू दुबे, रघुनाथ पाल, रूपसिंह यादव, सुरेंद्र सेन, हल्के भाई घोषी, विपिन घोषी, ईश्वर बेन भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सामूहिक संकल्प से पुनः जीवित हो उठी बावड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जयंती के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत किशुनगंज में स्थित मराठा कालीन ऐतिहासिक बावड़ी का जीर्णोद्धार कार्य जनसहभागिता और सामूहिक श्रमदान के माध्यम से प्रारंभ किया गया। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर श्रमदान किया। इस सामूहिक प्रयास से न केवल बावड़ी का गहरीकरण किया गया, बल्कि उसके संरक्षण व सौंदर्यीकरण की दिशा में भी ठोस कदम उठाए गए। ग्राम पंचायत किशुनगंज के सतत प्रयासों से बावड़ी की बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य जारी है, जिससे उसके संरचनात्मक रूप को सुरक्षित रखा जा सके। गहरीकरण के बाद बावड़ी में जल का पुनः भराव होना ग्रामीणों के लिए हर्ष और संतोष का विषय बना। सभी की मेहनत और सामूहिक संकल्प का प्रतिफल आज साफ दिखाई दे रहा है। यह बावड़ी अब न केवल जल संरक्षण का केंद्र बनेगी, बल्कि अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गौरव को भी पुनः प्राप्त करेगी। जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे के मार्गदर्शन में इस जीर्णोद्धार कार्य को गति मिली। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इस बावड़ी का संरक्षण एक उदाहरण है कि जब जनसामान्य सामूहिक संकल्प लेकर जुटते हैं, तो इतिहास को पुनर्जीवित किया जा सकता है। पुनर्जीवन की ओर बढ़ती एक प्राचीन धरोहर किशुनगंज की बावड़ी, जो बनी सामूहिक संकल्प का प्रतीक।

# 26 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित

**दमोह।** तहसील हटा के अजीविका मिशन हाल में क्वेस कार्पो फार टाटा मोटर सानंद के लिए लर्न एण्ड अर्न प्रोग्राम हेतु सीधी भर्ती के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 104 युवाओं ने ऑफलाइन पंजीयन करवाया। साथ ही 26 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। जिला रोजगार अधिकारी एवं आईटीआई प्राचार्य ने कहा जिले में क्वेस कार्पो अहमदाबाद द्वारा जिला दमोह में टाटा मोटर्स अहमदाबाद/पुणे के लिए आज 13 जून को प्रातः 11 बजे से शासकीय स्नातक महाविद्यालय जबेरा में तथा कल 14 जून को प्रातः 11 बजे से अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय स्नातक महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होंने जिले के सभी इच्छुक युवाओं से आग्रह करते हुए कहा अंकसूची, आधार कार्ड, पासबुक, समग्र आई.डी एवं रिज्यूम के साथ रोजगार मेले में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाये।

# किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत ने किसानों के हित में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम तहसीलदार विवेक व्यास को बुधवार को सौपा है इस ज्ञापन के माध्यम किसानों से संबंधित मांगे रखी गई है जिसमें दमोह जिले में इस वर्ष बहुत से किसान भाइयों ने गर्मी में मूंग की बोनी की है। अंत आंकड़े बताते हैं कि मूंग का उत्पादन का - रकवा में वृद्धि तिसरी फ़सल से आर्थिक विकास निश्चित ही होगा, परंतु किसान भाइयों को मूग के खुले बाजार में कीमत नहीं मिल पा रही हैं। भारतीय किसान संघ समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी करने की आपसे मांग करता है।, आगामी सीजन में भी उड़द और मक्का पर भी उचित समीक्षा कर समर्थन मूल्य पर खरीदी मुनिश्चित की जाए।

ऊपर खरीदी की जाए। डी ए पी खाद्य की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग करता है। दमोह जिले में संचालित समस्त सिंचाई परियोजना पर समीक्षा करने एवं प्राक्कलन के आधार पर संपूर्ण कार्य कराए जाने की मांग करता है, ताकि दमोह जिले का सम्पूर्ण रकवा सिंचित किया जा सके। कृषि उपज मंडी में किसानों द्वारा लाए गए माल की सीधे ट्राली से डाक होने की व्यवस्था की जाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में भारतीय किसान संघ ने आशा की है कि समस्त मांगों पर समीक्षा कर किसान हितों में कार्यवाही की जावेगी। साथ ही उपरोक्त सभी मांगे अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है। अतः सात दिवस के अंदर पूर्ण की जावे, अन्यना आरतीय किसान संघ बड़े आंदोलन करने हेतु बाध्य रहेगा जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

ज्ञापन देने वालों में किसान संघ की तहसील अध्यक्ष किशन श्रीपाल ,भोला यादव, मथुरा प्रसाद दुबे, मुन्ना यादव, गुड्डू ,शंकर सिंह, रज्जन यादव, हुकम प्रेजापति, नोकेलाल यादव, हरिदास पाल, गुड्डा रघ्घु, सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

# निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत हेइडेलबर्ग सीमेंट के हेडवर्क्स सुरेश चंद्र दुबे के मार्ग दर्शन में ग्राम जगथर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम जगथर और उसके आस पास के करीब 150 ग्रामवासियों ने डॉक्टर गौरव कुमार के द्वारा स्वास्थ्य परामर्श का लाभ लिया और कंपनी की तरफ से निशुल्क दबाइयाँ भी प्राप्त की। इस अवसर पर कंपनी की तरफ से कमलेश गौतम (माइंस हेड), अलोक किशोर तिवारी (मानव संसाधन विभाग), डॉक्टर गौरव कुमार, श्रीमती कम्यूनिशा (नर्स), मुकेश कुमार (कम्पाउंडर), सी पी गुप्ता (अटेंडेंट) एवं ग्राम जगथर के सरपंच कुंदन सिंह अहिरवार उपस्थित रहे।

# कृषि लोन जागरुकता अभियान का बिलौरी में शिविर सम्पन्न



**दमोह।** कृषि लोन जागरुकता अभियान के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक किन्द्रहों द्वारा ग्राम बिलौरी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य कृषि योजनाओं को किसानों तक पहुंचाना, नए प्रकरण के आवेदन प्राप्त करना एवं किसानों के बीच पहुचकर उनकी समस्याओं को सुनना था। शिविर में लीड बैंक मैनेजर नरेंद्र सोनी ने आचार्य विद्या सागर, बकरी पालन योजना के साथ कृषि प्रधान सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किन्द्रहों शाखा प्रबंधक योगेन्द्र मीना ने किसान क्रेडिट कार्ड को समय पर नवीनीकरण करने के फायदे, ट्रैक्टर लोन, हार्वेस्टर लोन आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में ग्राम बिलौरी सरपंच महेंद्र पटेल, एफ औ एस राजा आदि उपस्थित रहे।

# इंस्पायर अवार्ड मानक की कार्यशाला संपन्न



**दमोह।** महात्मा ज्योतिबा फुले शासकीय सांदीपनि विद्यालय दमोह में सत्र 2023- 24 एवं 24 - 25 में चयनित 65 प्रतिभागी के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विषयों के विशेष विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया ताकि वह विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर सकें। इस सबंध में महात्मा ज्योतिबा फुले शासकीय सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य आर पी कुर्मी ने बताया जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान मेले का आयोजन 25 एवं 26 जून 2025 को सागर में किया जायेगा। पूर्व विद्यार्थियों के मॉडल गुणवत्तापूर्ण बनाने व इस पर मानक अवार्ड योजना के संदर्भ में विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला में जिले के विभिन्न विकास खंडों से प्रतिभागी विद्यार्थी व उनके मार्गदर्शी शिक्षक उपस्थित रहे।

# हरिनाम संकीर्तन एवं भंडारा का आयोजन



**नरसिंहगढ।** मड़कोलेश्वर धाम में 25 से 30 सालों से लगातार पूर्णिमा को हरिराम का संकीर्तन बैठता है एवं परमा को हवन एवं विशाल भंडारा होता है। इस वर्ष भी पूर्णिमा को हरि राम नाम संकीर्तन के साथ ही विशाल भंडारा हुआ जिसमें क्षेत्र के वरिष्ठ नगरी को उपस्थित रहे। इस अवसर पर मिथिलेश, श्रीधर, संतोष गुप्ता, डालचंद राय, अच्छे लाल पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर किया प्रोफेशनल मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11साल के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा जिला कार्यालय में प्रोफेसनल मीट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि दमोह लोकसभा सांसद राहुल सिंह, मध्य प्रदेश शासन के पर्यटन एवं धार्मिक न्यास राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह और अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे की रही। कार्यक्रम में हटा विधायक उमादेवी लालचन्द्र खटीक, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफर मनोहर काजल, लोकतंत्र सेनानी संघ अध्यक्ष निर्गुण खरे राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त जीवनलाल मिश्रा, डॉक्टर नवीन दुबे, डॉक्टर नवीन सोनी, एड पंकज हर्ष श्रीवास्तव, दमोह के उद्योगपति एवं वैश्य समाज के संभागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, वरिष्ठ व्यापारी लघु उद्योग भारती के महामंत्री सेवंत गुजराती, कर्मचारी नेता आर के मिश्रा, नगर पुरोहित एवं सकल हिंदू समाज के संरक्षक चंद्रगोपाल पौराणिक, जिला औषधि विक्रेता संघ सचिव अनिल कोटवानी के आतिथ्य में इस प्रोफेशनल मीट और लघु प्रदर्शनी का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगर के सम्माननीय बुद्धिजीवी वरिष्ठजन, व्यापारी बंधु, स्वतंत्रता सेनानी, पार्षद गण एवं भारतीय जनता पार्टी की समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए बताया कि 2014 में जब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का गठन हुआ तब और आज विश्व में भारत की छवि एक सशक्त राष्ट्र के रूप में बनी है पूर्व के वर्षों में तत्कालीन सरकारों ने भारत के भविष्य को ध्यान में रखकर योजनाएं और विकास नहीं किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 11 वर्षों में देश की अनेक क्षेत्रों में विकसित भारत के संकल्प को आगे रहाते हुए विकास कार्य किए जा रहे।

मीट को संबोधित करते हुए जबेरा विधायक प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होगा। प्रधानमंत्री ने देश की राजनीति से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त करने का कार्य कर रहे हैं। मोदी जी का नेतृत्व भारत को हर क्षेत्र में वैश्विक रूप से पहचान और सम्मान दिला रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया का विश्वास जीतने का कार्य किया और राजनीति में नई संस्कृति विकसित की है।

सांसद राहुल सिंह ने कहा कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के लिए 500 वर्षों तक संघर्ष चला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी, इसके बाद अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर तैयार हो गया है और रामलला अयोध्या में विराजमान हैं। श्री मोदी ने देश की जनता में आशा जगाई और उसी का परिणाम है कि भारत हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और आमजन में 2047 तक विकसित भारत बनने की उम्मीद जगी है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब देश की बागडोर संभाली और सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के कार्यों के साथ देश को हर क्षेत्र में आगे ले जाने का कार्य किया, और दुनिया का विश्वास जीतने का काम किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम प्रभारी संजय सेन, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, रिंकू गोस्वामी, संदीप शर्मा, भरत यादव, देवकी नंदन पटेल सहित भाजपा के प्रकोष्ठ संयोजको की इस गरिमामय कार्यक्रम को सफल बनानें में विशेष सहयोग रहा।

### 11 साल बेमिसाल प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ₹विकसित भारत संकल्प₹ अभियान के तहत भव्य प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा कार्यालय में उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। जिले के विभिन्न मंडलों से आये कार्यकताओं एवं प्रबुद्ध जनों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## खबर संक्षेप

### आज जबेरा तथा कल तेंदूखेड़ा में आयोजित होगा युवा संगम कार्यक्रम

**दमोह ।** जिले में क्वेस कार्पो अहमदाबाद द्वारा जिला दमोह में टाटा मोटर्स अहमदाबाद/पुणे के लिए आज 13 जून को प्रातः 11 बजे से शासकीय स्नातक महाविद्यालय जबेरा में तथा 14 जून को प्रातः 11 बजे से अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय स्नातक महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिले के सभी इच्छुक युवाओं से आग्रह करते हुए कहा गया हैं अंकसूची, आधार कार्ड, पासबुक, समग्र आई.डी एवं रिज्यूम के साथ रोजगार मेले में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाये।

### तीन थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, दो एएसआई के प्रभार बदले

**दमोह.** जिले के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने तीन थाना प्रभारियों, एक चौकी प्रभारी, 6 प्रधान आरक्षक और 16 आरक्षकों के फेर बदलकर नई पदस्थापना दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी तारादेही राजीव पुरोहित को चौकी से सिग्रामपुर की कमान सौंपी है. थाना प्रभारी अरविंद सिंह ठाकुर को थाना तेजगढ़ की कमान चौकी है. अभिषेक पटेल को तेजगढ़ थाने से थाना नोहटा में पदस्थ किया है.चौकी प्रभारी सिग्रामपुर को थाना तारादेही का प्रभारी बनाया गया है. एएसआई राधे प्रसाद मडियादो से थाना रजपुरा, एएसआई संतोष तिवारी कोतवाली से रक्षित केंद्र, प्रधान आरक्षक भानु उपाध्याय मडियादो से दमोह देहात, महेश यादव यातायात से कोतवाली, सूर्यकांत पांडे कोतवाली से रक्षित केंद्र, प्रमोद चौबे कोतवाली से पटेरा,अजय पटेल दमोह देहात से तेजगढ़, सूरज सिंह लोधी नोहटा से रक्षित केंद्र, आरक्षक संकेत कुमार तिवारी बटियागढ़ से तेजगढ़, प्रियंका दुबे रक्षित केंद्र से तेजगढ़, प्रताप सिंह ठाकुर जबेरा से जबलपुर नाका, कपिल तिवारी पथरिया से कुम्हारी, बृजेंद्र मिश्रा कोतवाली से रजपुरा, विशाल सैनी केरबना से पटेरा, इंद्रजीत ठाकुर हिंडोरिया से पटेरा, नागेंद्र सिंह ठाकुर कुम्हारी से पटेरा, दीपक गौड़ हटा से रजपुरा, नरेंद्र पटेरिया कोतवाली से कुम्हारी, आकाश पाठक कोतवाली से बटियागढ़, जितेंद्र पटेल रक्षित केंद्र से नरसिंहगढ़, यशवंत सिंह रक्षित केंद्र से सागर नाका, कमलेश पटेल रक्षित केंद्र से नरसिंहगढ़ चौकी में पदस्थ किया गया है।

#### आरोपी वीडियो जारी कर घटना पर दी सफाई

# पैरवारा कांडः मुख्य आरोपी ध्रुव सिंह ने साथी के साथ न्यायालय में किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



मगरोन थाना क्षेत्र के पैरवारा गांव में मंगलवार की रात्रि आरक्षक एवं पायलट के साथ मारपीट कर जिंदा जलाने का प्रयास करने के मामले में मुख्य आरोपी ध्रुव सिंह लोधी नन्ना पैरवारा ने अपने साथी सुंदर सिंह के साथ गुरुवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दमोह कोर्ट में किया सरेंडर किया जहां पुलिस द्वारा आरोपी को तीन दिन की रिमांड मांगी गई थी लेकिन माननीय न्यायालय द्वारा दो दिन की रिमांड दी गई इसके पूर्व आरोपी द्वारा वीडियो बनाकर अपनी सफाई पेश की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जिसमें आरोपी द्वारा अपनी सफाई पेश करते हुए बताया जा रहा है कि गुलाब जैन से मेरा पुराना जमीनी विवाद चल रहा है, घटना की रात एक ड्राइवर की बर्थडे पार्टी मनाने की कही बात की जा रही है एवं इंदर सिंह लोधी से चुनावी रंजिश बताया गया। वहीं भीड़ में क्या हुआ यह ध्रुव सिंह लोधी देख नही पाए एवं अपनी दलील देते हुए अब पुलिस प्रशासन से कोई दुश्मनी नहीं होने की बात की जा रही है और इतना ही नहीं सभी से अपनी संपत्ति का विशेष ध्यान रखने का निवेदन वीडियो के माध्यम से किया गया । इसके उपरांत आरोपी ध्रुव लोधी ने फिर माननीय न्यायालय में सरेंडर किया। जबकि घटना में गौर करने वाली बात है कि आरक्षक की पिटाई और जिंदा जला जाने की प्रयास की घटना के दौरान के वायरल वीडियो में ध्रुव लोधी एवं इनके दो दर्जन से ज्यादा समर्थन शराब के नशे में खुलेआम मारपीट कर जिंदा जलाने के प्रयास करते दिखाई दे रहे हैं और पुलिस आरक्षण के साथ की गई बदसलूकी और मारपीट में आरक्षक की जान कैसे बची वह आरक्षक भी वया कर रहा है। लेकिन कहते हैं कि पुलिस प्रशासन से पंगा लेना अब दबंग को कितना महंगा पड़ रहा है उसकी सफाई देने वाले वीडियो में दलील से पता चल रहा है क्योंकि अब आरोपी दो दिन की पुलिस रिमांड पर है।

उल्लेखनीय हैं कि आरोपी खनिज माफिया है। हटा में दमोह नाके पर रेत का अवैध भंडारण भी किये हुए है। यादव ढाबा के ठीक सामने एक प्लांट है जिसकी कोई वैध परमिशन भी नही है। वही अंगीठी ढाबा के सामने बड़े पैमाने पर अवैध रेत व मुरम का स्टॉक है। इसके अलावा अन्य मामलों की जांच व बेनामी संपत्ति की जांच के डर से आप पुलिस प्रशासन के सामने गिड़गिड़ाने लगा है और पुलिस प्रशासन से हमारी कोई दुश्मनी नहीं होने की बात कहकर अपनी संपत्ति का विशेष ध्यान रखने का निवेदन कर रहा है। अब देखना होगा अभी पुलिस इसके अवैध कारोबार पर क्या कर्रवाई करती है।

## खम्बे की केबिल जलने से लगभग 80 घरों की रात भर बिजली सप्लाई बंद

**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमाक 8 में बिजली के खम्बे की केबिल.जल जाने के कारण रात 12 बजे सुबह 8 बजे तक लगभग 80 घरो की बिजली सप्लाई बंद रही। जिस कारण लोगो को रातभर जागकर कांटनी पड़ी। जैसे रात में लीड़ जलने की सूचना प्राप्त हुई थी बैसे कर्मचारियों ने केबिल सुधारने का प्रयास किया था लेकिन बिजली सप्लाई चालू नहीं हो पाई थी। सुबह से ही विजली कम्पनी के कर्मचारियों ने 4 बिजली के खम्बो की केबिल को बदला गया एवं सुचारूप से लगभग सुबह साढै आठ बजे बिजली की सप्लाई चालू की गई। लाईनमेप सुधीर पटैरियां ने बताया कि रात में बिजली के खम्बे की लीड़ जलने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसके बाद हम लोगो 12 बजे से लगभग दो बजे तक केबिल को सुधारने का प्रयास किया गया था लेकिन केबिल अधिक जलने के कारण विजली की सप्लाई चालू नहीं हुई थी। जिस कारण सुबह पूरी नई केबिल विछाई गई है।

# केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने विमान दुर्घटना पर शोक जताया

### शहर में पैदल घूमकर किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेन्द्र कुमार दमोह के स्थानीय सर्किट हाउस पहुँचे। सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने अहमदाबाद में विमान क्रेश की घटना पर मृतकों के प्रति अपनी सम्वेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने दमोह शहर में भ्रमण के दौरान बेलाताल, वीआईपी मार्ग, सिविल वार्ड से वापस होकर कोतवाली चौक, घंटाघर, बकौली चौक होते हुए वापस प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का जायजा लिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से आम जनों को बहुत ही लाभ मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने भ्रमण के दौरान रास्ते में युवाओं, वरिष्ठ जनों से चर्चा कर उनका हालचाल जाना।

# आऊटसोर्स कर्मचारियों की भूख हड़ताल के पहले दिन दो की हुई तबियत खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों में से 7 कर्मचारी गुरूवार की सुबह से अस्पताल परिसर में भूख हडताल पर बैठ गए है। पहले ही दिन दो कर्मचारियों की तबियत खराब हो गई थी लेकिन कोई भी डाक्टर चेक करने भी नहीं आया। ज्ञात हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत आउटसोर्स के 24 कर्मचारी 2 जून से अस्पताल परिसर में 5 माह का वेतन नही मिलने के कारण एवं अप्रेल 2024 से बड़ी हुए वेतन का ऐरियर्स नही मिलने के कारण हडताल पर बैठे गए थे। 10 दिन हडताल पर बैठने के बाजूद वेतन दिए जाने की कोई भी कार्यवाही नहीं होने के कारण गुरूवार से आउटसोर्स के कर्मचारी जिनमें सकुन रैकवार, प्रीति बाल्मीकी, ममला बंसल, प्रीति पाल, पूजा विश्वकर्मा, उजयार बाल्मीकी, दुर्गा बंसल सुबह से भूख हडताल पर बैठ गए थे। लेकिन एक कर्मचारी पूजा विश्वकर्मा को दोपहर से बुखार आ गया एवं प्रीतिपाल को साम 4 बजे से उल्टी और सिर दर्द होने लगा था। लेकिन दोनो कर्मचारियों ने किसी भी प्रकार की दवाईयां नहीं कराई गई। राज्य मंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी के भाई सतेन्द्र सिंह भाजपा की बैठक में शामिल होने तेंदूखेड़ा आए थे। जैसे ही उन्हे जानकारी लगी तो शाम 7 बजे हडताल पर बैठे कर्मचारियों से मिलने पहुंच गए थे। जिन्होने भी जल्द ही वेतन दिलाने का आश्वासन दिया है। समस्त कर्मचारियों का कहना है कि जबतक हमारा वेतन नहीं मिल जाएगा तब तक हम लोग भीषण गर्मी में भी भूख हडताल पर बैठे रहेगे। कर्मचारियों का कहना है कि भूख हडताल के दौरान अगर किसी भी कर्मचारी को कुछ होता है तो सम्पूर्ण जबावदारी प्रशासन की होगी।

#### बस से उतारकर पीटा, पुलिस से की छेड़छाड़ की शिकायत

# स्टाफ नर्स पर युवक से मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

रनेह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स नीलिमा यादव पर एक गरीब दंपति से अभद्र व्यवहार और मारपीट के गंभीर आरोप लगे हैं। यह मामला तब सामने आया जब पीड़ित महेंद्र सिंह लोधी, पन्ना जिला निवासी ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई और एक वीडियो साक्ष्य के तौर पर सौंपा। महेंद्र सिंह ने शिकायत में बताया कि 9 जून की शाम उनकी गर्भवती पत्नी, जो 9 वें माह में थी, पेट दर्द की शिकायत लेकर रनेह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। उन्होंने स्टाफ नर्स से पत्नी का स्वास्थ्य परीक्षण करने का अनुरोध किया, लेकिन नीलिमा यादव ने व्यस्तता का हवाला देकर अगले दिन आने को कहा। जब महेंद्र ने तत्काल मदद की गुहार लगाई, तो स्टाफ नर्स ने गुस्से में आकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उन्हें अस्पताल से बाहर जाने को कहा। महेंद्र ने बताया कि घटना के बाद वह अपनी पत्नी के साथ गांव लौटने के लिए एक बस में सवार हो गए। थोड़ी ही देर बाद स्टाफ नर्स ने बस चालक को फोन कर बस रुकवाई और महेंद्र से गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। यह पूरी घटना बस में मौजूद यात्रियों के सामने हुई।

### स्टाफ नर्स व पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग

महेंद्र सिंह ने बताया कि बस में हुई घटना के बाद नीलमा यादव ने पुलिस को बुलाया. पुलिस ने महेंद्र को थाने ले जाकर रातभर हिरासत में रखा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। अगले दिन धारा 151 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जमानत पर रिहा किया गया। महेंद्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक को घटना का वीडियो सौंपते हुए स्टाफ नर्स और पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल यह मामला जांच का है।

मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि स्टाफ नर्स ने छेड़छाड़ को लेकर युवक के साथ मारपीट की गई थी जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। स्टाफ नर्स की शिकायत पर मामला दर्ज किया जा रहा है। वहीं सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार रनेह थाना में महेन्द्र सिंह के ऊपर अन्य धाराओं में भी मामला दर्ज किया जा चुका है।

# ऑटो में 20 पेटी अवैध शराब के साथ आरोपी पकड़ा




**दमोह।** देहात थाना पुलिस ने ऑटो में रखकर ले जाई जा रही 20 पेटी अवैध शराब के साथ आरोपी को पकड़कर कार्यवाही की है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में देहात थाना पुलिस द्वारा यह कार्यवाही की गई है। मामले में सीएसपी अभिषेक तिवारी द्वारा कार्रवाई के संदर्भ में जानकारी दी गई। यह शराब मड़ाहार शराब दुकान से इलाज जाने की जानकारी सामने आने पर दुकान के गद्दीदार के खिलाफ भी कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी दमोह देहात निरीक्षक रचना मिश्रा एवं स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर रेड कार्यवाही करते हुए आम चौपरा अथाई ऐंड से 20 पेटी देशी मदिरा शराब कुल 960 पाव अवैध शराब कीमती 96000/- रुपये की आरोपी आटो चालक सुरेश चौहान निवासी गुरुनानक स्कूल के पीछे से जप्त की गयी। आरोपी से पूंछताछ करने पर उक्त शराब सूरज यादव एवं अर्जुन यादव द्वारा मड़ाहार रोड शराब दुकान से लोड कर अपने आटो से उक्त दोनों के लिये शराब आटो में रखकर आम चौपरा ले जाना बताया। जो उक्त आरोपियों एवं मड़ाहार शराब दुकान के गद्दीदार के विरुद्ध थाना दमोह देहात में अपराध क्र. 423/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को न्यायालय जेआर पर पेश किया जा रहा है। फरार आरोपी सूरज यादव, अर्जुन यादव एवं मढाहार शराब दुकान गद्दीदार की तलाश की जा रही है। पुलिस ने अवैध शराब 20 पेटी (960 पाव) कीमती 96000/- रुपये 2 आटो क्र.MP 34 ZE 2878 कीमती 300000/- रुपये जब्त किये है। कार्यवाही में थाना प्रभारी दमोह देहात निरीक्षक रचना मिश्रा, उनि एम.एस. कोरकू प्र.आर. कामता, प्र.आर. मुकेश, प्र. आर. संजय, प्र. आर. सचिन, प्र. आर. दीपक, आर. अभिषेक, आर. जितेन्द्र, आर. शोएब, आर. कुलदीप थाना दमोह देहात, आर. मयंक दुबे सायबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हरिजन वार्ड में चला जेसीबी का पंजा



**रनेह।** हरिजन वार्ड में सीसी सड़क का कार्य लंबे समय से निर्माणाधीन था रास्ते में अतिक्रमण के चलते रास्ता कुलिया में तब्दील हो गया था। अतिक्रमण का मामला राजस्व विभाग में तहसील न्यायालय पहुंचा जिसमें पूर्व में भी राजस्व अमले ने मौका निरीक्षण कर नाप कर अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिए गए अधिकारियों ने आपसी सामंजस्य बनाने का प्रयास किया मगर सभी कोशिश नाकाम रही। अंततः नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल जेसीबी मशीन के साथ मौका स्थल पर पहुंची और सीसी मार्ग में बाधक पट्टी बाउंड्री हटाकर 12 फुट का रास्ता निकाला गया। इस मौके पर पटवारी नितिन नामदेव, कोदू लाल पटेल, रनेह पुलिस के साथ ही समूचे क्षेत्र की कोटवारों की उपस्थिति रही। रास्ता में अतिक्रमण के चलते कुलिया में तब्दील हो गई है। जहां पहले ट्रक ठेला चला जाता था अब वहां हाथ ठेला जाना भी बंद हो गया है। राजस्व विभाग ने जिस तरह हरिजन मोहल्ला का अतिक्रमण हटाया क्या इस प्रकार की कार्यवाही ग्राम के मुख्य मार्ग में, रास्तों में नहीं होना चाहिए, क्या राजस्व विभाग और ग्राम पंचायत इस ओर अपनी नजरे इनायत करेंगे यह एक प्रश्न चिन्हे है।

## अब आमजन स्वयं कर सकेंगे बिजली अनियमितता की शिकायत मिलेगा 50 हजार तक इनाम

**दमोह।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.) ने विधुत क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए 'वी-मित्र एपश्को लॉन्च किया है। दमोह जिले के कार्यपालन अभियंता एम. एल. साहू ने बताया कि इस एप के माध्यम से आमजन सीधे बिजली कंपनी से किसी भी प्रकार की बिजली चोरी, मीटर में छेड़छाड़ अवैध कनेक्शन या अन्य गड़बड़ियों की शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिकायत की जांच एवं पुष्टि के पश्चात शिकायतकर्ता को 50 हजार रुपये तक का पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा, जो एक पारदर्शी प्रक्रिया के तहत दिया जाएगा। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। यह एप गूगल प्ले स्टोर और कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर निःशुल्क उपलब्ध है। दमोह जिले में अब तक 250 से अधिक लोगों के द्वारा एप डाउनलोड किया जा चुका है और इसकी संख्या तेजी से बढ़ रही है। कार्यपालन अभियंता ने जिलेवासियों से आग्रह किया कि वे इस एप का अधिक से अधिक उपयोग करें और किसी भी प्रकार की बिजली संबंधित गड़बड़ी/अनियमितता की जानकारी तुरंत दें। उन्होंने बताया कि एप के माध्यम से शिकायत करने की प्रक्रिया सरल, त्वरित और उपयोगकर्ता अनुकूल है। एप में फोटो, लोकेशन और विवरण अपलोड करने की सुविधा भी उपलब्ध है।

# गैसाबाद जनपद सदस्य उपचुनाव को लेकर प्रशासन ने की प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद




जनपद पंचायत हटा के क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद सदस्य क्षेत्र की ग्राम पंचायत गैसाबाद ,बलैह,गरैह, के पोलिंग बूथो का प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विगत दिनों जायजा लिए जाने के बाद उपचुनाव होने की जन चर्चा फिर जोर पकड़ने लगी हैं। हालांकि अभी प्रशासन द्वारा चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है लेकिन चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक कुछ लोग अभी से चुनावी गणित बिठाने में अपनी अपनी गोटी फिट करने में लग गए हैं। यहां पर यह बताना जरूरी है कि वर्तमान जनपद सदस्य इंद्रपाल पिता शिवचरण पटेल जिन्होंने जेल में रहकर चुनाव लड़ा था, और जेल में बंद रहकर ही हटा जनपद अध्यक्ष का चुनाव जीता था। उनको स्वर्गीय देवेंद्र चौरसिया हत्याकांड में माननीय न्यायालय द्वारा सजा सुनाए जाने पर इंद्रपाल पटेल का जनपद अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य होना शून्य घोषित हो गया था। और गैसाबाद जनपद क्षेत क्रमांक 16 रिक्त हो जाने के कारण यहां पर उपचुनाव होने की नौबत आई है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में सन 1994 में जनपद सदस्यों द्वारा जनपद अध्यक्ष चुने जाने की प्रक्रिया लागू की गई थी। गैसाबाद क्षेत्र क्रमांक 16 से प्रथम बार 1994 के चुनाव में चार उम्मीदवार स्वर्गीय श्री राजगोपाल श्रीवास्तव, स्वर्गीय श्री धनीराम मिश्रा, अनिरुद्ध प्रताप सिंह एवं रामनारायण पाठक चुनाव मैदान में थे, जिसमें स्वर्गीय श्री राजगोपाल श्रीवास्तव चुनाव जीतकर गैसाबाद क्षेत्र से प्रथम जनपद सदस्य निर्वाचित घोषित किए गए थे, इसके बाद क्रमशः श्यामसुंदर पटेल, सियारानी शिखरचंद जैन, कटोरी विश्वकर्मा, श्रीमती उपाध्याय बलैह, एवं वर्तमान में इंद्रपाल पटेल जनपद सदस्य रहे हैं, शुरू शुरू में यदि चुनाव का आकलन किया जाए तो गैसाबाद की क्षेत्रीय जनता ने प्रथम प्राथमिकता स्थानीय एवं साफ सुथरी छवि वाले व्यक्ति को ही प्रदान की है, लेकिन जैसे ही क्षेत्र में धीरे-धीरे जातिवाद हाबी होता गया वैसे वैसे चुनावी समीकरण बदलते चले गए, खैर चुनाव का अभी ऐलान नहीं हुआ है लेकिन अपनी जाति और समाज के सहारे कुछ लोग फिर अपनी नैया पार लगाने की कोशिश में लगने लगे हैं, देखते हैं कि इस बार ऊंट किस करवट बैठता है।

## विधिक साक्षरता का हुआ आयोजन



**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह पी.सी.गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में बाल श्रम के विरूद्ध विश्व दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत नोहटा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिरकरण सचिव ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला, सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणजन के साथ ही ग्राम नोहटा में स्थानीय बाजार में आये आमजन भी सम्मिलित रहे। उक्त शिविर में वक्ताओं ने बाल श्रम प्रतिषेध के संबंध में जानकारी देते हुए बताया 14 वर्ष की आयु से कम के बालक को किसी भी नियोजन में मजदूरी के लिए नहीं लगाया जा सकता और खतरनाक नियोजनों (खान, विस्फोटक, रासायनिक आदि) में 18 वर्ष से कम के बालक को नियोजित नहीं किया जा सकता है। बाल श्रम निषेध विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए यह भी बताया गया कि उक्त प्रावधानों का उल्लंघन दंडनीय है। आमजन से आग्रह किया गया कि बच्चों से न तो कोई काम करायें, न ही बच्चों को मजदूरी का काम करने दें और न ही किसी को बच्चों से काम करानें दें। यह भी अपील की गई कि बाल श्रम के संबंध में कोई भी सूचना चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 पर दें। उक्त शिविर निःशुल्क विधिक सहायता योजना, मध्यस्थता योजना, गरीबी उन्मूलन योजना, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को विधिक सहायता योजना, साथी अभियान व 15100 विधिक सेवा हेल्पलाईन इत्यादि के संबंध में जानकारी दी।

## युवती से मारपीट व दुष्कर्म, धर्मातरण करने बनाया दबाव

**दमोह।** कोतवाली थाना क्षेत्र से लव जिहाद, धर्मांतरण और दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ति युवती को महिला पुलिस सहित अन्य लोग एमएलसी के लिए देर रात जिला अस्पताल लेकर पहुची। जहा युवती ने बताया कि पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। कि मोहल्ले के ही बादशाह खान ने उससे जबरन धर्म परिवर्तन की मांग की और विरोध करने पर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना दी। युवती ने बताया कि वह आरोपी को इंस्टाग्राम के माध्यम से जानती थी। आरोपी ने पहले उसे धमकाया, फिर जबरदस्ती घर में घुसकर मारपीट की और दुष्कर्म किया। आरोपी ने बच्चों को भी प्रताड़ित किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी बार-बार उसे धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाता था। घटना के बाद पीड़िता ने डायल 100 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बादशाह खान को गिरफ्तार कर लिया है। बाल कल्याण आयोग के अध्यक्ष दीपक तिवारी ने घटना को लेकर कहा कि दमोह में इस प्रकार के मामलों की संख्या बढ़ रही है और पुलिस को अधिक सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए।नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है और मामले की जांच जारी है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## री-यूज्ड कुकिंग तेल गुणवत्ता सर्वे अभियान के अंतर्गत लिए गए नमूने

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत एफएसएसएआई के राष्ट्रव्यापी री-यूज्ड कुकिंग तेल गुणवत्ता सर्वे अभियान के तहत होटल, रेस्टोरेंट,नाश्ता सेंटर द्वारा एक ही खाद्य तेल को तलने एवं पकाने में बार बार उपयोग किया जाता है, जिससे खाद्य तेल में ट्रांस फैट की मात्रा बढ़ जाती है। री-यूज्ड तेल की गुणवत्ता जांच हेतु खाद्य सुरक्षा जांच दल ने दमोह शहर में विभिन्न होटल रेस्टोरेंट नाश्ता सेंटर का औचक निरीक्षण किया है। देशव्यापी री-यूज्ड कुकिंग तेल विशेष जांच अभियान के तहत दमोह शहर में रेलवे स्टेशन के पास स्थित प्रेम आलूबंडा का औचक निरीक्षण किया गया । परिसर में कढ़ाई में रखे हुए री-यूज्ड कुकिंग तेल के नमूने जांच हेतु लिए गए । इसी तरह पलंदी चौराहा स्थित जय श्री महाकाल रेस्टोरेंट से री-यूज्ड कुकिंग तेल के नमूने जांच हेतु लिए गए । उन्होंने बताया इन री-यूज्ड कुकिंग तेल के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया । जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने समस्त होटल, रेस्टोरेंट एवं नाश्ता सेंटर संचालकों को निर्देश दिए हैं की वे एक ही तेल को 2-3 बार से ज्यादा इस्तेमाल न करें। तेल को ज्यादा गर्म (धुआँ निकलने तक) न करें। तेल को फिल्टर करके भी दोबारा इस्तेमाल करने से बचें। उन्होंने बताया बार-बार इस्तेमाल किया गया खाना पकाने का तेल सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। इसके प्रमुख नुकसान यथा हृदय रोगों का खतरा, कैंसर का खतरा, पाचन तंत्र की समस्याएँ, मोटापा और डायबिटीज, त्वचा संबंधी समस्याएँ, लिवर और किडनी पर बुरा प्रभाव एवं प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करना हैं।